# हिंदी विभाग

# वार्षिक रिपोर्ट

# जनवरी- 2021–सितम्बर 2021

TIC- डॉ भारती

## वेबिनार

15 जनवरी 2021 को हिंदी साहित्य परिषद द्वारा "सिनेमा को सत्यजित राय का योगदान" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया इस वेबिनार में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया |इस वेबिनार में सिने-अध्येता के रूप में रविकांत और डॉ. विजय शर्मा जी ने अपना वक्तव्य दिया |यह कार्यक्रम गूगल मीट पर आयोजित किया गया |

## भारतेंदु स्मृति नाट्य प्रतियोगिता

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'भारतेंदु स्मृति नाट्य प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया| ऑनलाइन इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इसलिए 'एकल अभिनय प्रतियोगिता' और 'एकल स्क्रिप्ट लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया| एकल स्क्रिप्ट लेखन प्रतियोगिता के विजेता थे-नेहा कुमारी (प्रथम,तृतीय वर्ष ),महिमा (द्वितीय वर्ष ), अनन्या (तृतीय वर्ष) और "एकल अभिनय प्रतियोगिता का परिणाम रहा – आकांशा (प्रथम,तृतीय वर्ष )सुमन (द्वितीय,तृतीय वर्ष )गीता (तृतीय,द्वितीय वर्ष)

## विशेष व्याख्यान

3 फरवरी 2021 को राम चन्द्र शुक्ल जी की पुण्य तिथि पर हिंदी विभाग की साहित्य परिषद ने "राम चन्द्र शुक्ल की आलोचना दृष्टि" नामक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया |इस कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में डॉ. रामेश्वर राय (एसोसिएट प्रोफेसर,हिन्दू कॉलेज )को आमंत्रि किया गया था |यह कार्यक्रम गूगल मीट पर हुआ और 70 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया | 16 अगस्त 2021 को "जेंडर समानता कितनी जमीनी कितनी आभासी" विषय पर एक वेबिनार का अयोजन किया गया |इस में आमंत्रित वक्ता थे डॉ. सुधा वासन (एसोसिएट प्रोफेसर,डिपार्टमेंट ऑफ़

सोशियोलॉजी),तथा बजरंग बिहारी तिवारी (एसोसिएट प्रोफेसर,दिल्ली विश्वविद्यालय) इसमें 60 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया |

## तुलसी जयंती समारोह

प्रत्येक वर्ष की तरह 18 अगस्त 2021 को हिंदी विभाग द्वारा तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया |जिसका विषय "उत्तर आधुनिक विमर्श की रोशनी में तुलसी साहित्य रहा | प्रस्तुत विषय पर अपना वक्तव्य प्रदान करने के लिए प्रोफेसर सुधीश पचौरी को आमंत्रित किया गया| कार्यक्रम काफी विचारोतेजक रहा |

## युवा संवाद

हिंदी साहित्य परिषद द्वारा 1 सितम्बर 2021 को युवा संवाद का आयोजन किया गया |इस कार्यक्रम में हिंदी में भविष्य की सम्भावनाओं को बताने के लिए विशेष वक्ता के रूप में वैभव श्रीवास्तव के साथ-साथ कमला नेहरु कॉलेज की ही तीन alumni को भी आमंत्रित किया गया था |जिनके नाम हैं - रश्मि राणा,प्रियंका शर्मा,मोनिका गुप्ता| यह कार्य क्रम काफी सराहनीय रहा इसमें 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया |

## हिंदी कवि सम्मेलन

हिंदी दिवस के उपलक्ष में 14 सितम्बर 2021 को हिंदी विभाग द्वारा "हिंदी कवि सम्मेलन" का आयोजन किया गया |इसमें प्रमुख कवियों में सविता सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव ,अनुपम मिश्र ,पंकज चौधरी रहे | कवियों ने वर्तमान समस्याओं से जुडी कई विचारोत्तेजक कविताओं का पाठ किया | नये कवियों के साथ वरिष्ट कवियों का जुड़ना एक नया अनुभव रहा |

## रंगमंचीय व्याख्यान शृंखला

हिंदी साहित्य परिषद द्वारा 29 सितम्बर 2021 को रंगमंचीय व्याख्यान शृंखला -1 का आयोजन किया गया इसमें प्रमुख वक्ता के रूप में ईश्वर शून्य (अभिनेता और निर्देशक )को आमंत्रित किया गया |यह विषय न केवल रंगमंच और नाटक के पाठ को समझने के लिए उपयोगी रहा बल्कि नाट्य प्रस्तुतियों

से संबधित बारीकियों को भी जानने का अवसर मिला | इसका विषय था - रंगमंच सिद्धांत और तकनीक |

‘लोक नाट्य के विविध पहलू’ विषय पर रंगमंचीय व्याखान श्रृंखला -2 का आयोजन 6 अक्टूबर 2021 को हुआ |इस विषय पर वक्तव्य देने के लिए सुभाष चंद्र कुशवाह जी को आमंत्रित किया गया | हमारे देश में लोक नाट्य के विविध रूप विद्यमान रहे हैं जैसे अंकिया नाट,सामा चकेवा,बिदेसिया , कथकली,नोटंकी,रासलीला,भवईआदि | लोक नाट्य भारतीय लोकमानस में रचा बसा संस्कार है |इस विषय को कुशवाह जी ने अपने अनुभव से और अधिक सार्थक बनाया |हमारे विभाग की छात्राओं के पाठ्यक्रम में भी लोक नाट्य लगा हुआ है इसी लिए छात्राओं ने भी इस विषय में विशेष रूचि ली |

## प्रथम स्तर प्रवेश प्रक्रिया 2021- 22

हिंदी भाग की प्रथम स्तर प्रवेश प्रक्रिया की शरुआत 30/10/2021 से आरम्भ हुई |